तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025

12 जनप्रतिनिधि के रूप में विद्यालय पहुंचे पालकों का बच्चों ने ...

10 जिले का एक ऐसा 30 बिस्तर अस्पताल जहां तीन साल ...




## आरोपी ने नाबालिग साथी के साथ होली की रात 3 सूने मकानों को बनाया था निशाना

# सूने मकानों में चोरी के मामले में शातिर चोर पकड़ाया, 9 लाख के नकदी व जेवर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस को चोरी के सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम की चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में चोरी की वारदात में शातिर चोर के साथ ही एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, आरोपी के कब्जे से नगदी, सोने, चांदी के जेवरात सहित कुल 8 लाख 84 हजार रूपये बरामद हुए। घटना में प्रयुक्त लोहे की राड व गैंती जब्त की गई है। बता दें कि चोरों ने होली त्यौहार की रात्रि में 03 सूने मकानों को निशाना बनाया था। आरोपी द्वारा पूर्व में बूढ़ापारा के एक सूने मकान में भी चोरी की गई थी।

- आरोपियों से घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड व गैंती भी जब्त

होली त्यौहार के दूसरे दिन 15 मार्च को सूचना मिली कि वार्ड क्रमांक 02 शिक्षक नगर बालोद में रात्रि को अज्ञात चोर द्वारा 03 मकानों में घुस कर घर में रखी आलमारी से सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम चोरी कर ली है। सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर घटना का निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उक्त चोरी के अज्ञात आरोपी के पतासाजी के लिए थाना बालोद व साइबर सेल से विशेष टीम बनाकर लगाया गया। साथ ही घटना स्थल में डाग स्क्वाड को बुलाया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 305, 331(4),62 बीएनएस, धारा 305, 331(4),62 बीएनएस, धारा 305, 331(4),62 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। चोरी के प्रकरण में आरोपियों की पतासाजी के लिए सायबर सेल बालोद व थाना बालोद से विशेष टीम गठित कर घटना स्थल के साथ ही आपपास के सीसीटीवी कैमरों के फूटेज भी खंगाले गए। त्रिनयन एप के माध्यम से फुटेज को बारीकी से एनालिसिस करने दो संदिग्ध लोगों की जानकारी प्राप्त हुई, जिसे टीम द्वारा चिन्हांकित किया गया जो नीरज धुरवे के रूप में हुआ।





### आरोपी से ये सामान बरामद

आरोपी नीरज धुरवे उर्फ टू पिता का नाम चतुर सिंह धुरवे 26 वर्ष रोशन नगर वार्ड क्र 20 बालोद का निवासी है। उसके साथ विधि से संघर्षरत बालक को गैंती व लोहे की राड के साथ गिरफ्तार किया गया है। दूसरे प्रकरण में 01 तोला सोने का गुलबंद, चांदी की पायल, बिछिया, नगदी रकम कुल 1 लाख 72 हजार की चोरी स्वीकार की है। तीसरे अपराध में 01 नग सोने की चेन, 01 सोना का गुलबंद, 01 सोना का मांग टीका, 01 नग सोने की टाप्स, एक नग कान का, चांदी की करधन, पायल, चैन सहित कुल 8 लाख 84 हजार को चोरी करना स्वीकार किया है।

### होली से पहले भी बूढ़ापारा में चोरी करना किया स्वीकार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नीरज ने 14/15 मार्च की दरम्यानी रात्रि में अपने नाबालिग साथी के साथ शिक्षक नगर बालोद में गया और 03 सूने मकान में बाहर से गेट पर ताला लगा हुआ देख, दोनों गैंती व लोहे की राड से ताले को तोड़ कर घर में रखे सामान सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी रकम चोरी कर ले गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी नीरज धुरवे ने पूर्व में बुढापारा के एक सूने मकान में भी चोरी करना कबूल किया है। बालोद शहर में हुई और भी कई चोरी की घटना में ये शामिल हैं कि नहीं, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पुलिस रिमांड लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत अध्यक्ष टेकाम ने किया विभागों का बंटवारा



**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने सोमवार को प्रेसिडेंट इन काउंसिल, विभागीय प्रभारी, सदस्य एवं सलाहकार समिति का गठन किया। इसके अनुसार शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग की प्रभारी नेहा उपाध्याय को दी गई, जबकि सदस्य शिवानी भंसाली व बीरसिंग को बनाया गया है। इसी तरह आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण एवं सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी ममता यादव तथा सदस्य रेवती कोलियारे व ममता शर्मा को बनाया गया है। वहीं, खाद्य नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य तथा चिकित्सा विभाग प्रभारी सूर्यकला ठाकुर, सदस्य रेवती कोलियारे व अशोक उईके को बनाया गया है। इसी तरह राजस्व एवं बाजार विभाग प्रभारी सुभद्रा टाण्डेकर तथा सदस्य बीरसिंह व ममता शर्मा बनाए गए हैं। इसके अलावा पुनर्वास नियोजन विधि तथा जल कार्य विभाग प्रभारी शोभा सिंह ठाकुर को व सदस्य शिवानी भंसाली व गायत्री देवांगन को प्रभारी एवं सदस्य गठित किया गया है। विभाग प्रभारी प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल के सदस्य हैं।

### जनपद मुख्यालय में पंचायत सचिवों की हड़ताल आज से

**गुरूर।** पंचायत सचिव संघ 18 मार्च से जनपद मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ करेंगे। संघ ने 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने की चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री के नाम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जनपद पंचायत गुरूर के पंचायत सचिव प्रांतीय आव्हान पर कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। बताया गया है कि प्रदेश पंचायत सचिव संघ द्वारा 10 मार्च 2025 को धर्मनगरी कवर्धा में बैठक कर 17 मार्च को प्रदेश के समस्त सचिवों द्वारा विधानसभा घेराव एवं 18 मार्च 2025 से ब्लाक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल तथा 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने का निर्णय लिया गया।

### पं नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 30 को

**बालोद।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जिला स्तर पर चयन परीक्षा 30 मार्च को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग संजय चंदेल ने ▶▶| शेष पेज 11 पर

#### ग्राम पीपरछेड़ी की घटना

## जंगली सूअर के हमले में वृद्ध दंपति घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शनिवार की सुबह ग्राम पीपरछेड़ी में जंगली सूअर के हमले में 63 वर्षीया महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं, उनके पति स्पत राम साहू 65 वर्ष के पैर और कंधे में चोटें आई हैं। दोनों को निजी वाहन से जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार समारी बाई साहू अपने पति स्पत राम साहू, बेटे महेश कुमार साहू और बहू सुनीति साहू के साथ खेत में चना की लुवाई कर रही थीं। इसी दौरान पास के खेतों से होते हुए एक जंगली सूअर अचानक उनके खेत में आ गया और सीधे स्पत राम पर हमला कर दिया। हमले में वे गिर पड़े, जिसके बाद सूअर ने समारी बाई को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिवार के अन्य लोगों द्वारा शोर मचाने पर जंगली सूअर अमोरा गांव की ओर भाग गया। घटना में स्पत राम को पैर और कंधे में चोटें आई हैं, जबकि समारी बाई के पैर की हड्डी टूट गई, जिसके कारण ऑपरेशन कर उसमें रॉड डालनी पड़ी। फिलहाल, वह आईसीयू में भर्ती हैं।

### संजीवनी 108 के लिए लगाया फोन, नहीं हुआ संपर्क

इस घटना में महेश कुमार साहू और उनकी पत्नी सुनीति साहू बाल–बाल बच गए। घायल की बहू सुनीति ने बताया कि घटना के बाद परिजनों ने 108 एंबुलेंस को कई बार फोन किया। लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। अंततः निजी वाहन की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद समारी बाई को निजी अस्पताल रेफर किया गया। जहां अब तक उन्हें दो यूनिट ब्लड चढ़ाया जा चुका है। समारी की बहू सुनीति साहू गांव की उपसरपंच भी हैं।



### नहीं कराई गई मुनादी

सुनीति साहू ने बताया कि वन विभाग की ओर से जंगली सूअर के भटकने की मुनादी कर कोई सूचना नहीं दी गई। जबकि आस–पास के ग्रामीणों का कहना है कि सुबह से ही कई गांव की ओर जंगली सुअर आतंक मचा रहा था। इस घटना के बाद दो हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है। उचित मुआवजे की मांग को लेकर उन्होंने रेंजर कार्यालय में आवेदन दिया है।



## ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी बाल-बाल बचे चालक व मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम परेंगुड़ा में सड़क के पास किए गए गड्ढे में ईट से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई, जिसमें बैठे चालक व अन्य मजदूर बाल-बाल बचे। जानकारी के अनुसार ग्राम परेंगुड़ा के ईट भट्टे से ईट भरकर ट्रैक्टर चालक 4 मजदूरों को ट्रॉली में बिठाकर ग्राम परेंगुड़ा में निर्माणाधीन मकान के लिए ईट ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते के बगल में बने गहरे गड्ढे में ट्रैक्टर का एक पहिया आ गया, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्राली सहित पलट गया। इस दौरान उसमें सवार चालक के साथ मजदूरों ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई।

### सड़क किनारे गड्ढे व रखे हुए सामानों से हो रही परेशानी

बता दें कि कई बार लोगों द्वारा रास्ते के पास किसी कारण से गड्ढा खोद दिया जाता है, जिससे वहां से गुजरने वालों को न सिर्फ परेशानी होती है, बल्कि ये दुर्घटना का कारण भी बन जाते हैं। इसी तरह सड़क पर या उसके किनारे रेत, गिट्टी, ईंट सहित अन्य निर्माण सामग्री या अन्य चीजें रख देने से भी सड़क संकरी हो जाती है और दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं।

#### पार्टी की अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ लड़कर जीता था अध्यक्ष चुनाव

# अपने चहेते को उपकृत करने के लिए मुझे किया गया निलंबित : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव गैर दलीय चुनाव था। गैर दलीय चुनाव होने एवं जनपद सदस्यों की इच्छाओं का सम्मान करते हुए उनकी सहमति से मैंने जनपद अध्यक्ष का चुनाव लड़ा और मेरी जीत हुई थी। मेरी जीत बताती है कि जनपद सदस्यों का मुझे समर्थन प्राप्त था, लेकिन प्रमुखों द्वारा जबरदस्ती अपने चहेते को उपकृत करने के लिए जनपद सदस्यों की भावनाओं की अनदेखी कर पार्टी ने मुझे मनमाने तरीके से निलंबित कर दिया। यह बात

नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू ने कही। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी द्वारा हम पर जबरदस्ती हमारी इच्छा के विरूद्ध जनपद अध्यक्ष को थोपा जा रहा था, लेकिन बहुसंख्यक सदस्यों ने उनका विरोध करते हुए मुझे अध्यक्ष पद पर दावेदारी करने को कहा। उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए मैं अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में उतरी थी और उनके समर्थन से ही चुनाव जीतकर अध्यक्ष बनी हूं। लेकिन, मुझे निलंबित करके पार्टी प्रमुखों ने पार्टी के सदस्यों की भावनाओं की भी अनदेखी की है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव गैरदलीय होने के कारण चुनाव लड़ने के लिए भी स्वतंत्र थी। मैंने पार्टी से बगावत नहीं की।

इसके साथ ही सुनीता साहू ने कि नगरीय निकाय चुनाव पार्टी के चिन्ह पर लड़ा गया। लेकिन, उस चुनाव में जिले में ही पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़कर जीतने वाले पार्षदों को पार्टी संगठन ने पार्टी में शामिल कर लिया। जबकि, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव गैर दलीय होने के बाद भी पार्टी ने मनमाने तरीके से मुझे निलंबित कर दिया। इस तरह पार्टी ने मुझे प्राकृतिक न्याय से भी वंचित कर दिया। पार्टी प्रमुखों ने मुझसे पूछा भी नहीं।

### नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष ने पार्टी पर लगाया जनपद सदस्यों की भावनाओं की अनदेखी का आरोप

#### तब नहीं हुई थी अनुशासनहीनता...?



सुनीता साहू ने आरोप लगाया कि भाजपा मण्डल गुरूर केवल तीन लोगों का होकर रह गया है, क्योंकि जब वे लोग पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं, तब अनुशानहीनता नहीं होती। सुनीता साहू ने अतीत में हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व में हुए चुनावों में जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 21 से भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार खेदूराम साहू के खिलाफ सुभद्रा साहू चुनाव लड़ी थी। इसी प्रकार जब प्रीतम साहू को पार्टी ने जनपद अध्यक्ष पद के लिए अधिकृत किया था, तब नंदकिशोर शर्मा ने बागी होकर चुनाव लड़ा था। तब अनुशासनहीनता नहीं हुई। आज जब मैं चुनाव लड़ी तब अनुशासनहीनता बताकर पार्टी से निलंबित किया गया। उन्होंने कहा कि यह दोहरी नीति पार्टी के हित में ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं की अनदेखी करने से पार्टी कार्यकर्ता टूटता है और इससे पार्टी कमजोर होती है।



